हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 गैस एजेंसियों पर कनेक्शन के लिए रोजाना चक्कर लगा रहे उपभोक्ता



07 उड़ती धूल से परेशान नागरिक, अब देवीभक्तों को यात्रा में होगी...



हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा—सीजन 5 की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। 14, 15 और 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में होने वाला तीन दिवसीय आयोजन इस बार गरबा प्रेमियों को डांस, म्यूजिक, मनोरंजन, प्रतियोगिताओं और पारिवारिक माहौल का शानदार अनुभव देने जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवरात्रि के उल्लास को खास अंदाज में मनाने के लिए हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा—सीजन 5 की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। 14, 15 और 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में होने वाला तीन दिवसीय आयोजन इस बार गरबा प्रेमियों को डांस, म्यूजिक, मनोरंजन, प्रतियोगिताओं और पारिवारिक माहौल का शानदार अनुभव देने जा रहा है। हरिभूमि गरबा के मंचीय संचालन को खास बनाने के लिए इस वर्ष अनुभूति गरबा आयोजन में जिले की चर्चित और युवाओं के बीच लोकप्रिय एंकर सलोनी झा तीनों दिन कार्यक्रम का संचालन करेंगी।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा में तीन दिन छाएगा उत्सव का रंग, होगी पुरस्कारों की बरसात

पुख्ता सिक्योरिटी और शानदार मनोरंजन के साथ 14 से 16 अक्टूबर तक द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट में भव्य आयोजन

कार्यक्रम को लेकर शहर में चली चर्चा, लोगों को है बेसब्री से गरबे का इंतजार

हर दिन विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

- बेस्ट कपल — प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय
- गरबा किंग — प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय
- गरबा क्वीन — प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय
- बेस्ट ग्रुप — प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय
- क्यूट किड्स — प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय

हरिभूमि समाचार पत्र समूह Presents अनुभूति EXCLUSIVE FAMILY GARBA SEASON 5 परंपरा संस्कृति साथ

शुभांगी अत्रे भी आएंगी

आयोजन की अंतिम शाम को मनोरंजन का विशेष रंग देखने को मिलेगा। 'भाबीजी घर पर हैं' फेम लोकप्रिय अभिनेत्री शुभांगी अत्रे, जिन्हें दर्शक उनके चर्चित किरदार 'अंगूरी भाभी' के नाम से जानते हैं, 16 अक्टूबर को सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में 'अनुभूति' में शामिल होंगी।

प्रतिभागियों को दिये जाएंगे पुरस्कार

हर वर्ष की तरह इस बार भी प्रतिदिन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा और गरबा के अंदाज के आधार पर पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा।

सुरक्षित और व्यवस्थित होगा आयोजन

हरिभूमि गरबा की खासियत हर बार की तरह इस बार भी आयोजन की सुरक्षित और व्यवस्थित व्यवस्था होगी। एंट्री और एग्जिट को मैनेज करने के लिए विशेष व्यवस्था के साथ पुरुष एवं महिला सिक्योरिटी स्टाफ, बाउंसर, वालंटियर्स और पुलिस प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। फैमिली सीटिंग, वीआईपी एरिया, पार्किंग, फूड कोर्ट, पीने का पानी, मेडिकल एवं फर्स्ट एड जैसी व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

मंच से होगी मनोरंजक प्रस्तुतियां

आयोजन स्थल पर गरबा के साथ मंचीय प्रस्तुतियां, म्यूजिक और मनोरंजन का सिलसिला तीनों दिन जारी रहेगा। प्रतिभागियों के लिए प्रतियोगिताओं को भी खास तरीके से तैयार किया गया है, ताकि हर उम्र के लोग पूरे उत्साह के साथ इसमें शामिल हो सकें। और आयाजन का भरपूर आनंद ले सकें।

सलोनी झा संभालेंगी मंच की कमान



अपनी खास बोलने की शैली और दर्शकों से सीधे संवाद करने के अंदाज के लिए पहचानी जाने वाली सलोनी झा गरबा प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं और पुरस्कार वितरण के बीच दर्शकों से जुड़ेंगी और मंच को लगातार जीवंत बनाए रखेंगी। हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा—सीजन 5 में इस बार कोशिश यही है कि यहां आने वाला हर परिवार केवल गरबा देखकर वापस न जाए, बल्कि संगीत, डांस, मनोरंजन, प्रतियोगिता, पुरस्कार और सुरक्षित पारिवारिक माहौल के साथ एक यादगार शाम अपने साथ लेकर जाए। गरबा में मंच और दर्शकों के बीच की दूरी कम करने में एंकर की भूमिका बेहद अहम होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार आयोजन में सलोनी झा की मौजूदगी को खास तौर पर तैयार किया गया है। म्यूजिक, गरबा, मंचीय प्रस्तुतियों और दर्शकों के उत्साह के बीच सलोनी झा का संवाद आयोजन को लगातार ऊर्जा देता नजर आएगा। उनकी एंकरिंग में जहां गरबा की मस्ती और उत्साह दिखाई देगा, वहीं परिवारों, युवाओं और बच्चों के साथ उनका इंटरैक्टिव अंदाज कार्यक्रम को और खास बनाएगा। मंच से होने वाली घोषणाओं से लेकर विभिन्न प्रस्तुतियों के बीच तालमेल और दर्शकों के साथ लाइव कनेक्ट—सलोनी झा पूरे आयोजन को एक अलग फ्लो देंगी। हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा में इस बार कई आकर्षण एक साथ देखने को मिलेंगे और सलोनी झा की एंकरिंग इन्हीं खास अनुभवों में एक प्रमुख हिस्सा होगी। तीन रातों तक गरबा के रंग, संगीत की धुन और सलोनी झा के मंचीय अंदाज का यह संगम आयोजन में आने वाले लोगों के लिए यादगार अनुभव बनाने की तैयारी में है।

देश-प्रदेश की बड़ी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी संभालेगी प्रबंधन

कार्यक्रम के संपूर्ण इवेंट मैनेजमेंट की जिम्मेदारी आईडल सेलेब्रेशन को दी गई है। देश और प्रदेश में बड़े आयोजनों के प्रबंधन के लिए पहचान रखने वाली आईडल सेलेब्रेशन की टीम के शुभम बनोरिया पूरे कार्यक्रम का प्रबंधन संभालेंगे। मंचीय गतिविधियों से लेकर आयोजन के विभिन्न हिस्सों के समन्वय और व्यवस्थाओं को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने की जिम्मेदारी टीम की रहेगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान रखा गया है। जिसके लिए तैयारी की जा रही है।

आयोजन को लेकर नागरिकों का कहना "यादों में बस जाता है आयोजन'

नई पीढ़ी को जुड़ने का बेहतर मंच

गरबा केवल नृत्य नहीं, यह लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने वाला उत्सव है। हरिभूमि ने इस आयोजन के जरिए शहरवासियों को एक ऐसा मंच दिया है, जहां नई पीढ़ी भी हमारी पारंपरिक विरासत से जुड़कर उसे अपने अंदाज में जी रही है। पांचवें सीजन के लिए हरिभूमि की पूरी टीम और आयोजन से जुड़े सभी लोगों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं।"



जगदीश मालवीय विधायक प्रतिनिधि एवं समाजसेवी

जीवन में एक खूबसूरत रंग है आयोजन

इटारसी की शामों में नवरात्रि के दिनों का अपना अलग ही आकर्षण होता है। ऐसे में हरिभूमि का फैमिली गरबा शहर के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में एक खूबसूरत रंग जोड़ रहा है। लगातार पांचवें वर्ष इस आयोजन का होना अपने आप में इसकी स्वीकार्यता को दर्शाता है। मेरी ओर से पूरी हरिभूमि टीम को पांचवें सीजन के लिए हार्दिक बधाई।"



मनीष ठाकुर वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी

सामूहिक आनंद का खूबसूरत अवसर

जब बच्चे, युवा और परिवार एक ही स्थान पर मिलकर नवरात्रि का आनंद लेते हैं, तो त्योहार की खुशी कई गुना बढ़ जाती है। हरिभूमि एक्सक्लूसिव फैमिली गरबा इसी सामूहिक आनंद का खूबसूरत अवसर लेकर आ रहा है। मेरी शुभेच्छा है कि आयोजन से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति इन तीन दिनों की खुशियों को लंबे समय तक अपने साथ लेकर जाए।"



निर्मल राजपूत उपाध्यक्ष, नपाप

कार्यक्रम खुशियों को बांटने का मौका

"नवरात्रि के अवसर पर गरबा की धुन जब शहर के माहौल में घुलती है, तो हर उम्र के चेहरे पर अलग ही खुशी नजर आती है। हरिभूमि द्वारा लगातार पांचवें वर्ष आयोजित किया जा रहा यह कार्यक्रम इसी खुशी को साझा करने का अवसर है। आयोजन में शामिल होने वाले सभी परिवारों और प्रतिभागियों को मेरी ओर से अग्रिम शुभकामनाएं।"



कल्पेश अग्रवाल सभापति, नपाप

शहर वासियों को जोड़ने का कार्य है

त्योहारों की खूबसूरती तभी बढ़ती है, जब खुशियां अकेले नहीं बल्कि मिल-जुलकर मनाई जाएं। हरिभूमि का फैमिली गरबा इसी भावना के साथ शहरवासियों को जोड़ने का काम कर रहा है। पांचवें सीजन के अवसर पर मेरी कामना है कि आयोजन में आने वाला प्रत्येक परिवार यहां से आनंद और सकारात्मक यादें लेकर लौटे।"



राकेश जाधव सभापति, नपाप

आयोजन की टीम को शुभकामनाएं

गरबा की ताल पर जब पूरा परिवार एक साथ थिरकता है, तो नवरात्रि का उत्सव और भी खास हो जाता है। हरिभूमि ने लगातार पांच वर्षों से इस पारिवारिक भावना को मंच देने का प्रयास किया है। इस वर्ष के आयोजन के लिए मेरी ओर से हरिभूमि परिवार, प्रतिभागियों और शहरवासियों को शुभकामनाएं। मां दुर्गा सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें।"



मनजीत कलोसिया सभापति, नपाप

विरोधः चुनाव आयुक्त और केंद्र सरकार के पुतले का दहन, नगर कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी ने मंगलवार को चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयस्तंभ चौक से पैदल मार्च निकाला, जो नीमबाड़ा, चावल लाइन सहित शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस जयस्तंभ चौक पहुंचा। यहां कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए पुतले का दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने "लोकतंत्र बचाओ, वोट की चोरी बंद करो और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाओ" जैसे नारे लगाए। हाथों में कांग्रेस के झंडे लेकर कार्यकर्ता मार्च में शामिल हुए। नर्मदापुरम विधानसभा प्रभारी नवनीत मालवीय ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों पर सरकार और चुनाव आयोग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की मजबूती के लिए संघर्ष कर रही है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कहा कि चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन में जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी, मोहन झालिया, ओम सेन, अनिल रैकवार, धर्मेंद्र मालवीय, अजय मिश्रा आदि शामिल हुए।

लाभार्थियों को मॉप-अप दिवस पर खिलाई जाएगी दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत की देखरेख में मंगलवार, 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिले में कृमिनाशक दवा वितरण अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत जिले में 2 लाख 57 हजार 568 बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाव के लिए एलबेंडाजोल की दवा खिलाई गई। जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जनप्रतिनिधियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में लाभार्थियों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। जिले के समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा खिलाई गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सृजन सेंगर ने बताया कि बच्चों में कृमि संक्रमण के कारण कमजोरी, एनीमिया, भूख में कमी एवं पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके साथ ही कृमि संक्रमण का बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

यूनियन बैंक ने सेठानी घाट पर दी चेंजिंग रूम डस्टबिन और कथा वाचकों को छाते की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्वच्छता पखवाड़े के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मंगलवार को सेठानी घाट पर स्वच्छता एवं जनसेवा से जुड़ी पहल की गई। क्षेत्रीय प्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारी राजकुमार सेन के नेतृत्व में घाट पर दो डस्टबिन तथा महिलाओं के लिए दो चेंजिंग रूम उपलब्ध कराए गए।

चेंजिंग रूम का उद्देश्य घाट पर स्नान के लिए आने वाली महिलाओं को कपड़े बदलने में सुविधा प्रदान करना है। वहीं, सेठानी घाट पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान एवं सत्यनारायण कथा कराने वाले ब्राह्मण पुजारियों और कथा वाचकों की सुविधा को देखते हुए उन्हें धूप से बचाव के लिए अंब्रेला बड़ा छाता भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक राजकुमार सेन, रीजनल इंश्योरेंस हेड संजय कुमार यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय मौजूद थे। श्री सेन ने कहा कि स्वच्छता के साथ-साथ धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर आने वाले लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखना भी सामाजिक जिम्मेदारी है। बैंक द्वारा जनहित में किए जा रहे ऐसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे। यूनियन बैंक की इस पहल की उपस्थित नागरिकों एवं घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं ने सराहना की। इस अवसर पर नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक अनुराग तिवारी सहित अन्य बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 137 होशंगाबाद में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पश्चात मतदाता सूची में छूटे पात्र मतदाताओं तथा प्रथम बार पात्र हो रहे युवाओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया के संबंध में मंगलवार को प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बीएलओ को अपने-अपने मतदान क्षेत्र में डोर-टू-डोर सर्वे कर ऐसे पात्र मतदाताओं की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए गए, जिनके नाम एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो सके हैं। इसके साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम भी मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जितेन्द्र यादव, प्रोग्रामर द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सेठानी घाट पर जारी है पितरों के तर्पण, पितृमोक्ष अमावस्या 10 को

त्योहारों की धूमः पितृ मोक्ष अमावस्या, नवरात्र, विजयादशमी सहित शरद पूर्णिमा और करवा चौथ से सजेगा नर्मदापुरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में अक्टूबर माह में त्योहारों की धूम रहेगी। इस महीने में उपवास और दान पुण्य करने का बड़ा महत्व रहेगा। पितृ मोक्ष अमावस्या, शारदेय नवरात्र, महा अष्टमी, महानवमी और विजयदशमी , शरद पूर्णिमा और करवा चौथ जैसे बड़े त्यौहार धूमधाम से बनाए जाएंगे । इसके लिए प्रशासन ने भी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है । साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठकर आयोजित की जा रही है । इसके साथ ही 10 अक्टूबर को पितृ मोक्ष अमावस्या पर तर्पण कार्यक्रम होंगे । इस दिन उन सभी पूर्वजों व पितरों का श्राद्ध, तर्पण और पिंड दान किया जाता है जिनकी मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती है।

इसके बाद घट स्थापना के साथ शारदेय नवरात्र की शुरुआत हो जाएगी । व्रत त्योहार के साथ विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनेगा । रावण , मेघनाथ के पुतले जलेंगे । शरद पूर्णिमा पर 16 कलाओं से युक्त चंद्रमा होगा माना जाता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सभी 16 कलाओं से पूर्ण होता है और इससे निकलने वाली किरणें अमृत के समान होती हैं, इसलिए इस रात खुले आसमान के नीचे खीर रखने की परंपरा है। इसके बाद महिलाएं करवा चौथ पर निर्जला व्रत रख अपने पति की दीर्घायु की कामना करेंगे और चंद्रमा को आगे देकर व्रत का पारायण करेंगे अक्टूबर में त्योहारों की धूम रहेगी और देवी दुर्गा काली के साथ ही श्री राम के जयकारे लगेंगे।



पितरों को दिया जा रहा तर्पण

नर्मदा के सभी घाटों पर अनेक लोगों द्वारा अपने पितरों को तर्पण दिया जा रहा है वहीं घरों में श्राद्ध आदि कार्यक्रम किये जा रहे हैं। नर्मदा के सेठानी घाट पर तर्पण का सिलसिला सुबह 7 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे तक जारी रहता है।

कलेक्टर ने श्री राम वाटिका के कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सिवनी मालवा में श्री राम वाटिका के उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि श्री राम वाटिका को नागरिकों के लिए सुविधाजनक, आकर्षक एवं व्यवस्थित स्वरूप में विकसित किया जाए। उन्होंने पार्क में पाथवे निर्माण कराने के निर्देश दिए, ताकि पार्क में आने वाले नागरिकों को सुगम रूप से मॉर्निंग और इवनिंग वॉक की सुविधा मिल सके। उन्होंने पाथवे का निर्माण इस प्रकार कराने के लिए कहा कि पार्क के विभिन्न हिस्सों तक नागरिक आसानी से पहुंच सकें।

खबर संक्षेप

नवागत सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने किया पदभार ग्रहण



बैतूल। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल ने बैतूल स्वास्थ्य विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए वर्तमान सीएमएचओ डॉ. मनोज हुरमाड़े की जगह जिला स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) डॉ. संजीव शर्मा को अस्थायी रूप से प्रभारी सीएमएचओ पदस्थ कर दिया है। गौरतलब है कि डॉ. संजीव शर्मा पहले लम्बी अवधि तक घोड़ाडोंगरी हॉस्पिटल में बीएमओ रहे थे और प्रमोशन के बाद उन्हें बैतूल कार्यालय में डीएचओ बनाया गया था और अब उनके लम्बे अनुभव को देखते हुए उनको स्वास्थ्य विभाग के जिला प्रमुख की नई जिम्मेदारी सौपी गई है।

नवविवाहिता ने लगाई फांसी

बैतूल। सोनाघाटी पुलिस चौकी अंतर्गत झाड़ेगांव में पति-पत्नी के बीच शराब पीने को लेकर विवाद के बाद 24 वर्षीय महिला ने आत्महत्या कर ली। मंगलवार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में जिला अस्पताल में महिला का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान रेखा पति शंकर सरियाम के रूप में हुई है। सोमवार शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच रेखा ने गांव में बन रहे अपने निर्माणाधीन मकान में फांसी लगा ली। परिवार पुराने मकान में रहता था। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो तत्काल नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर सोनाघाटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की। देर रात करीब साढ़े 11 बजे शव को ऑटो एंबुलेंस से बैतूल जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे मर्चुरी में रखवाया गया था। मंगलवार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसआई चित्रा कुमरे ने बताया कि रेखा ने निर्माणाधीन मकान में फांसी लगाई थी। महिला ने यह कदम क्यों उठाया, इसका वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मेहरा समाज की जिला स्तरीय बैठक सारणी में

सारणी। मेहरा समाज संगठन जिला बैतूल की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को दोपहर 12 बजे सारणी स्थित मठारदेव प्रांगण में आयोजित होगी। बैठक में समाज के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ जिले में निवासरत प्रांतीय पदाधिकारी तथा शिक्षा, युवा, महिला एवं किसान प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में हमलापुर, बैतूल में जिला स्तरीय भव्य मंगल भवन निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा एवं आगामी कार्ययोजना तय की जाएगी। वहीं सारणी में मंगल भवन निर्माण के संबंध में भी विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा समाजहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

नए गैस कनेक्शन पर रोक, छोटे सिलेंडर से काम चला रहे लोग

गैस एजेंसियों पर कनेक्शन के लिए रोजाना चक्कर लगा रहे उपभोक्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में गैस कनेक्शन की व्यवस्था पर पिछले छह महीने से लगा ब्रेक अब उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा रहा है। मार्च से जिले की गैस एजेंसियों पर नए घरेलू गैस कनेक्शन जारी नहीं हो रहे हैं। पिछले 6 महीने में सैकड़ों आवेदन नए कनेक्शन के लिए एजेंसियों में पहुंचे है, लेकिन पोर्टल बंद होने से गैस एजेंसियों पर नए कनेक्शन लंबित हैं। ऐसे में नए कनेक्शन के इंतजार में परिवारों को 5 व 10 किलो के सिलेंडर का महंगा विकल्प अपनाना पड़ रहा है। शहर में नए मकान में रहने आए बाहर के परिवारों को भी घरेलू गैस कनेक्शन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी संचालकों के मुताबिक मार्च 2026 से नए घरेलू कनेक्शन की प्रक्रिया बंद है। संचालकों का कहना है कि अमेरिका और अन्य देशों के बीच युद्ध जैसे हालात बनने के बाद से नए कनेक्शनों पर रोक लगी है।

हालांकि, पहले से कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को रिफिल मिलने में परेशानी नहीं है। बता दे कि अभी जिले में लगभग 3.48 लाख गैस उपभोक्ता है। इनमें 2 लाख 10 हजार उज्ज्वला कनेक्शन हैं। इनमें से कई उज्ज्वला कनेक्शन केवाईसी के कारण बंद या पेंडिंग बताए जा रहे हैं। नए कनेक्शन की प्रक्रिया रुकी होने से परिवार अलग होने, नए घर में शिफ्ट होने या पहली बार गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कमर्शियल भी संकट में

घरेलू कनेक्शन के साथ ही कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति और नए व्यावसायिक कनेक्शन भी प्रभावित हैं। इसका असर होटल, ढाबे, चाय-नाश्ते की दुकानों और अन्य छोटे कारोबारियों पर पड़ रहा है। गैस की उपलब्धता को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रिफिलिंग की समय सीमा भी 45 दिन से घटा दी गई है। लेकिन कई गैस की परेशानी को लेकर नागरिकों को अब भी पूरी तरह से राहत नहीं मिल पाई है। बता दे कि जिले में इंडियन, एचपी और भारत गैस एजेंसियां नए कनेक्शन बंद होने से प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा कनेक्शन वाले क्षेत्रों में उपभोक्ताओं की संख्या भी बड़ी है। अकेले बैतूल तहसील में 70 हजार से से अधिक गैस कनेक्शन हैं।

एजेंसी पहुंच रहे उपभोक्ता, पोर्टल ही बंद

गैस कनेक्शन के लिए उपभोक्ता दस्तावेज लेकर एजेंसी पहुंच रहे है, लेकिन उन्हें पर बताया जा रहा है कि नए कनेक्शन का पोर्टल चालू नहीं है। जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसियों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। मंगल ने बताया कि वह गैस कनेक्शन के लिए एजेंसी जाते है तो उन्हें यहीं जवाब मिलता है कि पूरे प्रदेश में नए कनेक्शन देना बंद है। एजेंसी कर्मचारियों का कहना है कि ऊपर से नए कनेक्शन जारी होने शुरू होंगे। तभी उपभोक्ताओं को कनेक्शन मिल पाएगा। कनेक्शन नहीं मिलने के कारण जरूरत के लिए दूसरों से अधिक कीमत पर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। उनका कहना है कि एजेंसी पर 10 किलो वाला छोटा सिलेंडर भी समय पर उपलब्ध नहीं हो रहा है। इससे भी दिक्कतें है।

इनका कहना है

नए घरेलू गैस कनेक्शन की प्रक्रिया फिलहाल प्रदेशभर में बंद है। शासन स्तर से प्रक्रिया दोबारा शुरू करने के संबंध में निर्देश मिलने के बाद ही नए कनेक्शन जारी हो सकेंगे। पुराने कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की आपूर्ति सामान्य रूप से की जा रही है।

कृष्ण कुमार टेकाम,
जिला आपूर्ति अधिकारी, बैतूल

महंगा पड़ रहा छोटा सिलेंडर

नया घरेलू कनेक्शन नहीं मिलने से लोग 5 और 10 किलो के सिलेंडर खरीद रहे हैं। इनमें 10 किलो का कंपोजिट सिलेंडर करीब 1600 रुपए में मिल रहा है। यह 14 किलो के घरेलू सिलेंडर की तुलना में महंगा विकल्प साबित हो रहा है। कई एजेंसियों पर 10 किलो के सिलेंडर भी उपलब्ध नहीं हैं। जहां उपलब्ध हैं, वहां लोगों को अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। शहर में नए परिवारों के सामने घरेलू गैस कनेक्शन नहीं मिलने से आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। बाहर से आने वाले लोगों पर भी बोझ बढ़ रहा है। गैस एजेंसी संचालक ने बताया कि मार्च से पहले तक एजेंसी पर हर महीने करीब 20 नए गैस कनेक्शन जारी होते थे।

आवेदन लेकर रख रहे एजेंसी संचालक

नये गैस कनेक्शन जारी नहीं हो रहे है। ऐसे में नये कनेक्शन के लिए जो उपभोक्ता एजेंसी पहुंच रहे है, उनके आवेदन लेकर एजेंसी संचालक रख रहे है। एजेंसी संचालक ने बताया कि एजेंसी पर रोजाना दो से तीन लोग नए कनेक्शन के लिए पूछताछ करने पहुंच रहे हैं। यदि नए कनेक्शन की प्रक्रिया शुरू हो जाए तो जिले में हर महीने करीब 100 से 150 नए ग्राहक जुड़ सकते हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके पास इंडियन कंपनी का सिलेंडर है, जिसे वे बदलवाना चाहते है। वह प्रक्रिया भी बंद होने से और नया कनेक्शन नहीं मिलने से कई बार ब्लैक में महंगे दाम पर सिलेंडर लेना पड़ता है।

जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरणः कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम फुलबेडय़ाि निवासी अतुल मंडल ने कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को जांच कर कब्जा पाए जाने पर हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सोनवणे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में दोबारा न आना पड़े। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गणेश जायसवाल, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम सलैया निवासी सुनिल यादव ने मेंढा सडक़ से अतिक्रमण हटाने एवं निर्माण करवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने घोड़ाडोंगरी तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम सातनेर निवासी पूनम राठौर ने फौती नामांतरण के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने आठनेर तहसीलदार को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के गौठाना निवासी रंजना मालवीय ने पति की मृत्यु पश्चात पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलने की शिकायत की। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी से जानकारी लेकर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम लक्कड़ जाम निवासी लालती द्वारा दुर्घटना की निष्पक्ष जांच के आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

चाकूबाजी की घटना में फरार था आरोपी

हत्या के प्रयास का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में 5 हजार रुपये के इनामी फरार आरोपी अभिषेक चन्द्रसूर्या को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं एसडीओपी बैतूल सुश्री अन्नपूर्णा सिरसाम के मार्गदर्शन में की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को सुबह करीब 05 बजे सोनाघाटी स्थित माता मंदिर के सामने अभिषेक चन्द्रसूर्या एवं अमन चन्द्रसूर्या द्वारा फरियादी नरेश उर्फ रिंकू विश्वकर्मा एवं धनराज विश्वकर्मा के साथ गाली-गलौच कर जान से मारने की नियत से चाकू से वार किया गया। घटना में धनराज विश्वकर्मा को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल बैतूल से भोपाल रेफर किया गया था। फरियादी नरेश उर्फ रिंकू विश्वकर्मा की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध एक अन्य प्रकरण धारा 137(2) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दोनों प्रकरणों में आरोपी घटना दिनांक से फरार चल रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन द्वारा दोनों आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा लगातार फरार आरोपियों की तलाश एवं पतारसी की जा रही थी। 5 अक्टूबर को आरोपी अभिषेक पिता कैलाश चन्द्रसूर्या, उम्र 23 वर्ष, निवासी कंपनी गार्डन, कोठी बाजार, बैतूल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी द्वारा अपने भाई अमन चन्द्रसूर्या के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन एवं चाकू विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उनि चित्रा कुमरे, प्र.आर. शिव, प्र.आर. तरुण पटेल, आर. नितिन चौहान, आरक्षक उज्ज्वल दुबे, आर. हर्षित डांगे, आर. महेश नगदे एवं आर. दुर्गेश वर्मा सहित थाना कोतवाली पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।



नेत्र जांच शिविर,155 की जांच, 52 को मोतियाबिंद

भौरा/शाहपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरा में मंगलवार को लायंस क्लब द्वारा लगाए गए नेत्र शिविर में नगर सहित ग्रामीण अंचल से बड़ी संख्या में महिला पुरुष अपनी आंखो की जांच कराने आए। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की टीम इस अवसर पर लायंस क्लब के इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आई हुई थी। नेत्र शिविर में आए हुए 150 से अधिक लोगों की नेत्र विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा जांच की गई इस दौरान 52 लोगों में मोतियाबिंद पाया गया। जिन्हे बस द्वारा भोपाल ले जाया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन कमल सिंह मर्सकोले ने बताया कि सभी 52 लोगों का मोतियाबिंद का इलाज सेवा सदन में निःशुल्क होगा। इसके अलावा रहना खाना पीना एवं आना जाना भी फ्री है। जिन लोगों को मोतियाबिंद नहीं था उनकी आंखो की भी जांच डाक्टरों द्वारा की गई। साथ ही आवश्यक दवाई एवं सलाह भी दी गई.नेत्र जांच शिविर में बैतूल जिले के अलावा अन्य जिले एवं महाराष्ट्र राज्य के लोगों ने भी अपनी आँखो की जांच कराई शिविर को सफल बनाने में लायंस क्लब के पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन अशोक अग्रवाल, पूर्व जोन चेयरपर्सन लायन राजेंद्र सिरोटिया, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गोयल,राकेश साहू,संतोष नायक, राजेंद्र साहू, अखिलेश पांडे, सचिव संजय शुक्ला, उपाध्यक्ष प्रेम उदयपुरे, एवं स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे। मरीजों को भोपाल रवाना करने के पूर्व सभी को फल एवं भोजन के पैकेट भी वितरित किए गए।

265 किलो डेडलिफ्ट के साथ जीता सिल्वर मेडल

ऑल इंडिया डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में 90 किलो वर्ग में कौशिक का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया पावरलिफ्टिंग डेडलिफ्ट चैंपियनशिप में बैतूल के एथलीट कौशिक मेहरा ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 12 राज्यों के करीब 500 से 600 एथलीटो ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता की ओपन कैटेगरी में पावरलिफ्टर कौशिक मेहरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 265 किलो डेडलिफ्ट उठाकर द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

यहा उल्लेखनीय है कि कौशिक मेहरा ने करीब 90 किलो बॉडीवेट के साथ ओपन कैटेगरी में ऐसे पावरलिफ्टरों से मुकाबला किया, जिनका बॉडीवेट 140 किलो तक था। इसके बावजूद उन्होंने अपनी ताकत, तकनीक, अनुशासन और मानसिक मजबूती का शानदार प्रदर्शन कर मेडल जीता। इस उपलब्धि के लिए कौशिक मेहरा को सिल्वर मेडल के साथ 21,000 रुपये का नगद परुस्कार दिया गया। उन्हें यह सम्मान कार्यक्रम के चीफगेस्ट एवं प्रसिद्ध एमडी डॉक्टर संजीव सक्सेना, अभिनीत गुप्ता तथा प्रषिद्ध एशियन गोल्ड मेडलिस्ट वेटलिफ्टर मुस्कान शेट की मौजूदगी में दिया गया। कौशिक मेहरा के प्रशिक्षक....ने बताया कि ऑल इंडिया स्तर की प्रतियोगिता में यह उनका दूसरा सिल्वर मेडल है और उन्होंने लगातार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी पहचान एक मजबूत और अनुशासित पावरलिफ्टर के रूप में बनाई है। इस उपलब्ध पर कौशिक मेहरा ने अपने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते कहा कि वह विशेष रूप से आरडी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर ऋतु खंडेलवाल का धन्यवाद देना चाहते हैं जिनके निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन ने इस मुकाम तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके सहयोग ने उन्हें खेल के साथ-साथ अपने लक्ष्य के प्रति लगातार मेहनत करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह पदक केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी साथियों के सहयोग का परिणाम है, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया।



सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित

सारणी। केंद्रीय विद्यालय सारनी में सतर्कता जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सतर्कता एवं पारदर्शिता जैसे विषयों पर अपने विचारों को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में ईमानदारी, पारदर्शिता, नैतिक मूल्यों और भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। विद्यार्थियों ने निबंधों के माध्यम से समाज में सतर्कता और जिम्मेदार नागरिकता के महत्व को प्रभावी ढंग से सामने रखा। प्रतियोगिता में हरमाईनी बिंझाड़े ने प्रथम, मोनाक्षी माकोड़े ने द्वितीय तथा अनामिका देशमुख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आराध्या बिंझाड़े और राधिका सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।



सेवा संकल्प अभियान और यूथ कान्क्लेव का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय चक्कर रोड बैतूल में राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 17 अक्टूम्बर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान की विभिन्न योजनाओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई, आस-पडोस में स्वच्छता के प्रति जागरूक कराया गया। बी.एड. स्कालर्स को नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया गया। नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में महाविद्यालय के विशाल सभागार में डाक्यूमेन्ट्री दिखाई गई। मुख्यमंत्री के आतिथ्य सीएम यूथ कान्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया, जिसका सीधा प्रसारण वेबसाइट के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संचालक महोदय इंजी. धुरवप्रकाश अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख, समस्त स्टाफ एव बी. एड. स्कालर्स मौजूद रहें।

भाजपा पदाधिकारियों ने विधायक चंद्रशेखर देशमुख से की चर्चा

अल्प वर्षा से रबी फसल की बुवाई को लेकर चिंता बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

विधानसभा क्षेत्र में अल्प वर्षा के चलते रबी फसल की बुवाई और सिंचाई को लेकर किसानों की बढ़ती चिंता के बीच भाजपा के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों एवं किसान मोर्चा के नेताओं ने विधायक चंद्रशेखर देशमुख से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। नगर मंडल मुलताई, दुनावा, प्रभात पट्टन, मासोद, साइखेड़ा मंडल सहित किसान मोर्चा के पदाधिकारी विधायक चंद्रशेखर देशमुख के ग्राम परसोडी स्थित निजी निवास पहुंचे। भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि पदाधिकारियों ने क्षेत्र में कम बारिश के कारण खेतों में नमी की कमी, सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता और आगामी रबी फसल की बुवाई को लेकर किसानों के सामने उत्पन्न हो रही समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। पदाधिकारियों ने कहा कि पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण किसानों को रबी फसल की बुवाई को लेकर चिंता बनी हुई है। सिंचाई के लिए पानी की कमी के चलते किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक भार भी पड़ रहा है। उन्होंने क्षेत्र में वर्षा की स्थिति का सर्वे करवाने तथा शासन स्तर से किसानों के लिए आवश्यक राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की मांग रखी। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू ने जनहित से जुड़े मुद्दों और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर गंभीरता से कार्य करने की बात कही। वहीं साइखेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश हिंगवे, प्रभात पट्टन मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़ एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री अशोक पांसे ने मुलताई विधानसभा क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने तथा कृषि वैज्ञानिकों से किसानों को वर्तमान परिस्थितियों में फसल बोने को लेकर आवश्यक सलाह दिलाने की मांग रखी।



बांधों से अधिक पानी उपलब्ध कराने का प्रयास

विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने भाजपा पदाधिकारियों की बात गंभीरता से सुनते हुए कहा कि किसानों की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को रबी फसल के लिए बांधों से अधिक से अधिक मात्रा में पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि वे मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से भी चर्चा कर क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मुलाकात के दौरान नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, प्रभात पट्टन मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़, मासोद मंडल अध्यक्ष विजय घोडक़ी, साइखेड़ा मंडल अध्यक्ष राजेश हिंगवे, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री अशोक पांसे, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक, भाजपा नगर मंडल निलेश चावरिया, मंडल महामंत्री राकेश बिहारे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध शराब बिक्री से परेशान महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया





जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिसुआ में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। ग्राम पंचायत पिसुआ के सरपंच पवन धुर्वे के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन महिलाओं ने नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार वैभव बैरागी को ज्ञापन सौंपा तथा गांव में तुरंत शराब बंदी की मांग की। ग्राम पंचायत क्षेत्र की सविता मवासी, अनसुईया ठाकुर और बबीता बाई ने बताया कि गांव में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से कच्ची और देशी शराब बनाई व बेची जा रही है।

इससे ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। महिलाओं ने बताया कि इससे पहले जनसुनवाई में भी आवेदन दिया गया था, साथ ही स्टेशन रोड थाना और आबकारी विभाग को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।मामले में तहसीलदार वैभव बैरागी ने ज्ञापन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि उच्च अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि आबकारी विभाग की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई स्पष्ट जवाब या संतोषजनक कार्रवाई देखने को नहीं मिली है।सविता मवासी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि लगातार अवैध शराब बना रहे लोगों पर जल्द ही सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो गांव की महिलाएं उग्र धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगी।

नवीन पर्यटन सत्र में पर्यटकों को लगातार हो रहा बाघों का दीदार



सोहागपुर। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में मानसून में पर्यटन गतिविधि बंद होने के बाद एक अक्टूबर से पर्यटन का नया सत्र शुरू हुआ है। जिसके बाद से लगातार पर्यटकों को बाघ, तेंदुआ, भालू व अन्य वन्यजीवों का दीदार हो रहा है। गत दिवस भी पर्यटकों के लगभग प्रत्येक समूह ने कोर क्षेत्र में बाघ का दीदार किया है।

खबर संक्षेप

कैप्टन स्मिथ के स्वस्थ के लिए हुआ चालीसा पाठ

माखन नगर। प्राचीन बावड़ी बाले मंदिर में _देश के वीर पायलट कैप्टन स्मिथ मच्छरिया के शीघ्र स्वास्थ लाभ एवं मंगल कामना के लिए_हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। हनुमान चालीसा पाठ समिति हर मंगलवार को पाठ का आयोजन नगर के अलग अलग मंदिर में करती है। इस मंगलवार का हनुमान चालीसा का पाठ कैप्टन स्मिथ के स्वास्थ्य कामना के लिए समर्पित रहेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन समिति के संयोजक दीपक वर्मा, एवं संजय वर्मा ने बतलाया कि जिस प्रकार विमान में बैठे _174यात्रियों की जान बचाकर _दुबई और देश दुनियां में भारतीय कैप्टन स्मिथ ने बहादुरी दिखाई उस पर पूरे देश को गर्व हैं। आओ हम सब मिलकर हनुमान भक्त कैप्टन स्मिथ के लिए प्रार्थना एवं मंगल कामना करे।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

सीहोर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण एवं जनसंख्या गणना की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, दायित्वों एवं निर्धारित प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को व्यवस्थित, त्रुटि रहित एवं समय-सीमा में संपन्न कराना है।

स्टेट हाईवे पर गड्ढों की समस्या का गिट्टी पुराव से किया मजाकिया समाधान

उड़ती धूल से परेशान नागरिक, अब देवीभक्तों को यात्रा में होगी परेशानी

संदीपनी स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या से गड्ढे हुए थे। जिनका पुराव प्रशासन ने गिट्टी व चूरे से किया। लेकिन अब अत्यधिक धूल उड़ने से नागरिक बहुत परेशान हैं। यह समस्या आगे ओर बढ़ेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर में संदीपनी स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या से गड्ढे हुए थे। जिनका पुराव प्रशासन ने गिट्टी व चूरे से किया। लेकिन अब अत्यधिक धूल उड़ने से नागरिक बहुत परेशान हैं तथा जनता ने स्थाई समाधान की अपेक्षा की है।

समस्याग्रस्त स्थल के समीप दुकान संचालित करने वाले नीलेश खंडेलवाल ने बताया कि दिनभर धूल उड़ने से नागरिक परेशान हो रहे हैं तथा आसपास की दुकानों का व्यापार प्रभावित हुआ है। स्टेट हाईवे से दिनभर वाहनों की आवाजाही के कारण दुकानों पर धूल का अंबार लग जाता है तथा ग्राहक ही नहीं आते हैं। वहीं श्वांस रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या समस्या ग्रस्त स्थल के आसपास बढ़ती जा रही है। अन्य नागरिकों का कहना है कि पिछले चार वर्षों से उक्त स्थल पर समस्या बनी हुई है लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। जबकि सत्ता पक्ष के नेताओं के द्वारा समस्या ग्रस्त स्थल पर कीचड़ में बैठकर धरना दिया गया था। जिसके बाद आनन फानन में प्रशासन ने गिट्टी व गिट्टी चूरे से गड्ढों का पुराव तो किया, लेकिन स्थाई समाधान अब तक नहीं हो सका है। जिसे लेकर नागरिकों में अत्यधिक रोष है।

अब परेशान होंगे सलकनपुर देवी धाम दर्शन के लिए पैदल यात्रा करने वाले देवी भक्त



नागरिकों का कहना है कि जल्द ही शारदीय नवरात्र पर्व प्रारंभ होने वाला है। इस दौरान प्रतिदिन हजारों देवीभक्त पैदल ही सलकनपुर धाम की यात्रा करेंगे। नंगे पैर सलकनपुर की ओर जाने वाले भक्तों को समस्या ग्रस्त स्थल पर बहुत परेशानी होना तय है। अतः आवश्यक है कि धूल ना उड़े, इसलिए नगर निकाय व प्रशासन के द्वारा या तो स्थाई समाधान किया जाना चाहिए या फिलहाल गिट्टी व गिट्टी चूरे पर पानी का छिड़काव किया जा सकता है। ताकि धूल ना उड़े तथा भक्त व आमजन परेशान ना हों। देखना होगा कि प्रशासन स्थानीय व बाहरी लोगों की इस बहुत बड़ी समस्या का समाधान कब तक खोज पाता है।

पिपरिया में 32 ग्राम पंचायत सचिवों को हुए नोटिस जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचों (पंच परमेश्वर) के खाते में मानदेय भुगतान के लिए पर्याप्त राशि आवंटित की जा चुकी है, लेकिन पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की लापरवाही के कारण जनप्रतिनिधियों का भुगतान अटक गया है।

जनपद पंचायत शाखा प्रभारी शैलेश भदौरिया ने बताया कि लगभग एक महीने पहले क्षेत्र की सभी 52 ग्राम पंचायतों के सचिवों और रोजगार सहायकों को व्हाट्सएप ग्रुप और गूगल शीट के माध्यम से सूचित किया गया था। उनसे सरपंचों और पंचों के बैंक पासबुक की प्रति एवं आधार कार्ड जैसी आवश्यक जानकारियां मांगी गई थीं।

नहीं मिली जानकारी

क्षेत्र की 52 ग्राम पंचायतों में 52 सरपंच और लगभग 842 पंच परमेश्वर हैं। एक महीना बीत जाने के बाद भी अब तक मात्र 20 सरपंचों और 240 पंचों का विवरण ही प्राप्त हो सका है। 32 ग्राम पंचायतों के सचिवों ने अभी तक लगभग 600 पंचों और 32 सरपंचों की जानकारी गूगल शीट पर दर्ज नहीं की है।

पंचायत सचिवों का तर्क

मामले में प्रशासनिक अव्यवस्था की स्थिति भी सामने आई है। ग्राम पंचायत सिलारी के सचिव मनीष शर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि एक पंच संजय वर्मा को वे पहचानते ही नहीं हैं, जिसके कारण उनकी जानकारी जमा नहीं हो सकी है। वहीं दूसरी ओर, सचिव संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पटेल का कहना है कि काम की अधिकता के कारण देरी हुई है और जल्द ही सभी जानकारियां जमा करा दी जाएंगी।

7 दिन का अल्टीमेटम

शासकीय कार्य में सरेआम लापरवाही को देखते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राम सोनी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन सचिवों ने अभी तक जानकारी जमा नहीं की है, उन्हें तत्काल नोटिस जारी किए जा रहे हैं। यदि एक सप्ताह के भीतर जानकारी जमा नहीं कराई गई, तो उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

माहेश्वरी समाज ने समाज की भूमि से कब्जा हटाने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर माहेश्वरी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने तहसीलदार को आवेदन देकर महेश्वरी मंदिर के पीछे समाज की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाकर समाज को कब्जा दिलाने की मांग की है।

समाज के लोगों ने बताया यह भूमि प्लाट नंबर 224 ,1976 में ग्राम पंचायत ने 1101 रुपए मुआवजा लेकर दी थी इस भूमि से संबंधित दस्तावेज भी आवेदकों ने आवेदन के साथ संलग्न किए हैं समाज के लोगों ने बताया अवैध कब्जाधारी ने फेंसिंग करके गेट लगा दिया है विवाद की स्थिति है अतः प्रशासन अवैध कब्जा हटाकर समाज की भूमि समाज को दिलाये एवं कब्जा दिलाते समय विवाद की स्थिति में पुलिस सुरक्षा मांग की है।

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



कांग्रेस कमेटी द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की माँग करते हुए मंगलवार को प्रदर्शन किया गया एवं पुतला दहन किया गया है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडे उपस्थित रहे।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग को लेकर मंगलवार दोपहर चार बजे के लगभग मुख्य बाजार से रैली निकालते हुए ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। कांग्रेस ने देश की चुनावी प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता को लेकर गंभीर चिंता जताई एवं मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कामकाज और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा, एसआईआर प्रक्रिया पर रोक, हटाए गए नामों की बहाली एवं चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जाँच की माँग की गई। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकांत पांडे की उपस्थिति में कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल, नगर अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष संतोष मालवीय, भास्कर मांझी, नीरज चौधरी, ऋषभ दीक्षित, सचिन श्रोती व अन्य कांग्रेस नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान शहर के मुख्य बाजार में रैली निकाली गई तथा प्रदर्शन भी किया गया।

खुले ट्रांसफार्मरों से दुर्घटना का खतरा, बाउंड्रीवाल बनवाने की मांग

सीहोर। वार्ड क्रमांक 17 के युवा विवेक टांक ने क्षेत्रवासियों के साथ विद्युत विभाग पहुंचकर अधिक्षण यंत्री पूनम तुमराम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड क्रं. 17 स्थित गांधी कॉलोनी सहित वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में खुले में लगे विद्युत ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित किए जाने की मांग उठाई गई है। रिहायशी क्षेत्रों एवं सार्वजनिक आवागमन वाले स्थानों पर बिना सुरक्षा घेरे के लगे ट्रांसफार्मरों के कारण आम नागरिकों, बच्चों एवं राहगीरों की सुरक्षा को लेकर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। विवेक टाँक का कहना है कि शीतला माता मंदिर गंज लोधी मोहल्ल के पास एवं राजबिहार कॉलोनी सहित कई स्थानों पर विद्युत ट्रांसफार्मर खुले में लगे हुए हैं तथा उनके आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। ऐसे में किसी अप्रिय विद्युत दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

एक दान पितृ के नाम: समाजसेवी ने विद्यालय को भेंट किया फैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



माखन नगर सामाजिक सरोकार और शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए ग्राम तालकेसरी के समाजसेवी बृजेश कुमार राजपूत द्वारा 'एक दान पितृ के नाम' पहल के तहत शासकीय प्राथमिक शाला तालकेसरी में एक सीलिंग फैन दान किया गया।

इस पहल का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। समाजसेवी श्री राजपूत के इस सहयोग की विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों ने सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक संतोष सोनी, साथी शिक्षक संतोष कुमार राज, जनशिक्षक डॉ. अमजद खान एवं लक्ष्मण सिंह इरपाचे उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने समाजसेवी राजपूत के इस सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक सहयोग शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आयोजन

कृमि से मुक्ति के लिए पिलाई दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोहागपुर बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर ने बताया कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश द्वारा समूचे मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर निर्धारित आयु के बच्चों को कृमि से मुक्ति की दवाई खिलाई गई है। इस कार्यक्रम की शुरुआत सोहागपुर में भी हुई, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल के द्वारा बच्चों को गोली खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। डॉ. गौर ने बताया कि छह अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस समूचे देश में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि नौ अक्टूबर को मॉप अप राउंड कार्यक्रम भी किया जाएगा। डॉ. गौर के अनुसार एक से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर बालकों को दवाई खिलानी है। इसके अलावा धात्री माता एवं प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं को भी दवाई अभियान अंतर्गत दी जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत दौरान नप उपाध्यक्ष आकाश पटेल, पार्षद आशीष विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान जारी कॉलेज में हुआ नाट्य मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया शहीद भगत सिंह कालेज में सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा संवाद के अंतर्गत नामों सेवा अनकही कहानी का नाट्य मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ एस के मेहरा ने संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्पना और सेवा संकल्प अभियान की जानकारी साझा की गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न झांकी सजाई गई थी। जिसमें भूकंप, सर्जिकल स्टाइल ,कोरोना टीकाकरण , आपरेशन गंगा महिला सशक्तिकरण, एवं भारत विकसित विषयों पर प्रस्तुति दी गई थी। जिनमें अलग अलग विद्यार्थियों की भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में डा एस के बघेल आर ,जी पटेल डा अनिता सेन किटी मौर्य सहित अन्य सभी लोगों की उपस्थिति रही।

पिपरिया में सेवादार को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नपा के द्वारा सेवा संकल्प अभियान सुशासन सेवा के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। नगरपालिका परिषद में सेनेटरी शाखा प्रभारी यासीन खान को एवं उपस्थित रहे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता एवं निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी पवन वालिया नवनीत नागपाल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सभी पार्षदों एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष संतोष परतें मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश मालवीय सहित अन्य सभी लोगों की उपस्थिति में सफाई सेवा दार एवं शाखा प्रभारी जनों को भी सम्मानित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान में किया गया नेत्र शिविर



सोहागपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेवा सदन नेत्र केंद्र सोहागपुर एवं स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर की टीम के द्वारा शिविर में आए 41 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत 30 मरीजों को निशुल्क चश्मे प्रदान किए गए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज, पार्षद आशीष विश्वकर्मा द्वारा हितग्राहियों को चश्मा का वितरण किया गया। शिविर का आयोजन बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर के निर्देशन में किया गया। शिविर में आए मरीजों की जांच एके शाक्य नेत्र रोग चिकित्सा सहायक एवं ललित विश्वकर्मा द्वारा की गई। इसी क्रम में आज चिरायु मेडिकल भोपाल द्वारा निशुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया जाएगा।

खबर संक्षेप

आज निकलेगी सेवा ज्योति यात्रा

हरदा। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा ज्योति यात्रा एवं विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा यात्रा के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह 7 बजे टिमरनी एवं हरदा विधानसभा क्षेत्रों से ग्राम पंचायत स्तर से सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा सुबह 9 बजे शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय पहुंचेगी। प्रातः 9.45 बजे तक देश भक्ति गीतों का गायन किया जाएगा।

रोजगार मेला युवा संगम का आयोजन कल

हरदा। जिले के युवाओं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) हरदा में प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा।

मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरुद्ध 6 प्रकरण किए दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने गत दिवस को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम नकवाड़ा व सिरकम्बा तथा हरदा शहर के बैरागढ़ व पीलियाखाल मोहल्लों में दबिश दी। दबिश के दौरान 17 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब, 740 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए। गये।

आबादी की जमीन का भूमिस्वामी मोबाइल से कर सकता है आवेदन

रहटगांव। स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्र की संपत्तियों के स्वामित्व अधिकार अभिलेखों का निःशुल्क पंजीयन किया जा रहा है। इसके तहत संबंधित भूमिस्वामियों को उनकी संपत्ति का विधिसम्मत पंजीयन विलेख उपलब्ध कराया जाएगा। इससे संपत्ति के दस्तावेज मिलने के साथ ही बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण तथा अन्य वित्तीय सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। योजना के तहत पंजीयन की प्रक्रिया मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से पूरी की जा सकती है। इसके लिए एप के माध्यम से आवेदन किया जाएगा। इसके बाद सारा के माध्यम से सत्यापन और संपदा के माध्यम से पंजीयन की प्रक्रिया पूरी होगी। जानकारी के अनुसार ग्रामीण आबादी क्षेत्र में जिन लोगों को पट्टे प्राप्त हुए हैं, उनके स्वामित्व अभिलेख तैयार किए जाने हैं। संबंधित व्यक्ति मोबाइल से आवेदन कर सकता है। इसके अलावा ऑनलाइन सेवा केंद्र से भी आवेदन व दस्तावेज संबंधी प्रक्रिया पूरी कराई जा सकती है। प्रक्रिया में दो गवाहों की आवश्यकता होगी। रहटगांव तहसीलदार शंकर सिंह रघुवंशी ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत पंजीयन का कार्य प्रारंभ हो गया है।

10 अक्टूबर तक होंगी विभिन्न सेवा गतिविधियां

सीहोर। जिले में सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत 10 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न सेवा एवं जन हितैषी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

घटना के बाद मृतक के परिजन और क्षेत्र के लोग पहुंचे कोतवाली

चश्मदीद का खुलासा, पचामा में कार से कुचलकर युवक को मारा





घटना के बाद सोमवार को मृतक के परिजन और क्षेत्र के लोग कोतवाली पहुंचे। यहां लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। घायल मितेश ने पुलिस और मीडिया को घटना से जुड़ी जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पचामा में स्थित राजपूत ढाबे के पास बीती रविवार रात हुए हादसे में नया मोड़ आ गया है। शुरुआत में जिसे एक सामान्य सडक़ दुर्घटना माना जा रहा था, वह अब पुरानी रंजिश में की गई हत्या की सोची-समझी साजिश निकली है।

हादसे में जान गंवाने वाले मंडी निवासी कपिल राठौर के साथी और हमले में घायल मितेश राठौर ने पुलिस और मीडिया के सामने उस रविवार रात की पूरी कहानी बयां की है। मितेश का सीधा आरोप है कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि कार से जानबूझकर टक्कर मारकर अंजाम दी गई हत्या है। सोमवार को गमगीन माहौल में मृतक कपिल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। कोतवाली थाना परिसर में मीडिया से बात करते हुए घायल मितेश राठौर ने बताया कि रविवार रात फार्महाउस पर धर्मेंद्र, ओमदीप और उनके 2-4 साथी वहां मौजूद लडक़ों को परेशान कर रहे थे और जबरन साउंड बंद करवा रहे थे। जब अनमोल और मितेश ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो आरोपी उनसे बहस करने लगे और देख लेने की धमकी देने लगे।

आरोपियों के तेवर देखकर राजा नाम के एक दोस्त को अनहोनी का शक हुआ। उसने मितेश को अकेले घर न जाने की सलाह दी। मितेश का मोबाइल डिस्चार्ज था, इसलिए कपिल ने अपने फोन से मितेश के चाचा को कॉल कर पूरी बात बताई। चाचा ने 15-20 मिनट में मौके पर पहुंचने को कहा लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद कपिल और मितेश बाइक से घर के लिए निकल पड़े।

300 मीटर तक किया पीछा, फिर मार दी जोरदार टक्कर

मितेश ने बताया कि 200-300 मीटर आगे बढ़ते ही एक तेज रफ्तार कार उनका पीछा करने लगी। पचामा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पास आरोपियों ने कार अड़ाकर बाइक को रोकने की कोशिश की। किसी तरह खुद को बचाते हुए जब वे गाड़ी भगाकर राजपूत ढाबे के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मितेश के मुताबिक कार को ओमदीप चला रहा था और उसमें 2-3 लोग और बैठे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कपिल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि मितेश को भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और हर एंगल से जांच शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के अनुसार मृतक की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और मामले की गहराई से जांच जारी है। सीएसपी अभिनंदना शर्मा के अनुसार एफएसएल और पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शी के बयानों के आधार पर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

छीपाबड़ से लेकर मांदला तक सुधार की दरकार

8 माह के इंतजार के बाद हाईवे पैच वर्क का कार्य शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

मार्च में हुए टेंडर के अनुसार हरदा आशापुर मार्ग का मेंटेनेंस संबंधित निर्माण एजेंसी को करना था लेकिन करीब 8 माह के इंतजार के बाद भी पैच वर्क का कार्य शुरू नहीं हो सका। मंगलवार को एमपी आरडीसी के क्षेत्रीय महाप्रबंधक अनिरुद्ध बंसल के निर्देश पर तत्काल प्रभाव से पेंचवर्क कार्य शुरू हुआ। बंसल ने बताया कि मटेरियल क्राइसिस के चलते निर्माण कार्य में कुछ विलंब हुआ है लेकिन अब निरंतर मेंटेनेंस कार्य कराया जाएगा जल्द ही पोखरनी छीपाबड़ मुहाल मांदला के पास सबसे ज्यादा सड़क जहां डैमेज है वहां पर भी पेचवक कार्य शुरू हो जाएगा। मंगलवार को भिरंगी गेट के आसपास के हिस्से में सड़क का मेंटेनेंस कार्य किया गया।

हरदा खिरकिया मार्ग पर भिरंगी फाटक के पास सड़क के मरम्मत कार्य वर्तमान में प्रगतिरत है। यह कार्य अब निरंतर जारी रहेगा, जिससे मार्ग की स्थिति में सुधार हो सके और आवागमन सुचारु बना रहे। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के तकनीकी प्रबंधक श्री भूपेंद्र कापसे से प्राप्त जानकारी के अनुसार, संबंधित ठेकेदार द्वारा आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य को निरंतर संचालित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्य को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है तथा आवश्यकतानुसार स्थल पर मरम्मत संबंधी कार्यवाही जारी रहेगी।

इनका कहना है...

मार्च में मेंटेनेंस का कार्य शुरू होना था। डामर मटेरियल समय पर निर्माण एजेंसी को नहीं मिल सका इसके बाद वर्षा कल शुरू हो गया था बारिश का सीजन पूरा होते ही मेंटेनेंस का कार्य शुरू कर दिया गया। पोखरनी छीपाबड़ मुहाल मांदला के पास सबसे ज्यादा सड़क जहां डैमेज है वहां पर भी पेचवक कार्य शुरू हो जाएगा।

अनिरुद्ध बंसल
क्षेत्री प्रबंधक एमपीआरडीसी

लंगूरों के आतंक से ग्रामीण परेशान, वन विभाग ने रेस्क्यू टीम बुलाई, पकड़कर उपयुक्त स्थान पर छोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव



क्षेत्र में लंगूरों के आतंक से ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए वन विभाग ने मामले को संज्ञान में लिया है। ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए वन विभाग द्वारा एसटीआर टीम को लंगूरों के रेस्क्यू के लिए पत्र भेजा गया था। अब विभाग ने निजी रेस्क्यू टीम को भी बुलाया है, जो बुधवार को क्षेत्र में पहुंचकर लंगूरों का रेस्क्यू करेगी।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार निजी रेस्क्यू टीम मंगलवार रात रहटगांव पहुंच जाएगी। इसके बाद बुधवार को टीम द्वारा लंगूरों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उचित स्थान पर छोड़ा जाएगा। विभाग का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार सामने आ रही लंगूरों से जुड़ी घटनाओं पर रोक लगाना और लोगों को राहत दिलाना है। वन विभाग ने ग्रामीणों से कहा कि रेस्क्यू के दौरान टीम का सहयोग करें और लंगूरों को पकड़ने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न करें। विभाग के अनुसार लंगूरों को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर उनके लिए उपयुक्त स्थान पर छोड़ा जाएगा, जिससे ग्रामीणों को लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिल सके। इसी मामले को लेकर मंगलवार को रहटगांव में वन विभाग द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को लंगूरों के संबंध में सावधानी बरतने और रेस्क्यू अभियान में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया। रैली में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। परिक्षेत्र अधिकारी रहटगांव विजय कुमार वारस्कर ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए निजी रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है। टीम द्वारा लंगूरों को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर उचित स्थान पर पहुंचाया जाएगा।

नियमितीकरण की प्रक्रिया में देरी के विरोध में संविदा कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियमितीकरण की प्रक्रिया में हो रही देरी के विरोध में विद्युत संविदा कर्मचारियों ने यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाईज एवं इंजीनियर्स के नेतृत्व में विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने से उनके निवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि विद्युत विभाग में वर्षों से सेवाएं दे रहे संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए विभागीय परीक्षा की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। साथ ही प्रक्रिया को समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से पूरा किया जाए।

कर्मचारियों ने बताया कि वे लंबे समय से विद्युत विभाग में तकनीकी एवं मैदानी दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। विद्युत व्यवस्था के संचालन, रखरखाव, फॉल्ट सुधार और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके बावजूद नियमितीकरण की प्रक्रिया में हो रही देरी से कर्मचारियों में भविष्य को लेकर असमंजस बना हुआ है। कर्मचारियों ने विधायक से आग्रह किया कि उनकी मांग को शासन एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखकर विभागीय परीक्षा एवं नियमितीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू कराने के लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि वर्षों की सेवा एवं अनुभव को देखते हुए नियमिती करण की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए।

बढ़ रहा अतिरिक्त खर्च, सेवा बहाल करने की मांग

गैस टंकी डिलीवरी बंद होने से गैस उपभोक्ता परेशान

रहटगांव। क्षेत्र में पिछले कई महीनों से एचपी गैस की होम डिलीवरी बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहटगांव में बालाजी गैस सर्विस टिमरनी द्वारा गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं की जा रही है। इसके चलते रहटगांव सहित आसपास के गांवों के उपभोक्ताओं को स्वयं टिमरनी जाकर सिलेंडर लाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार रहटगांव और आसपास के कई गांवों में एचपी गैस के सैकड़ों कनेक्शन हैं। पूर्व में प्रत्येक मंगलवार को टिमरनी से गैस सिलेंडर की गाड़ी रहटगांव आती थी और उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी की सुविधा मिलती थी। लेकिन पिछले कई महीनों से यह व्यवस्था बंद है। ऐसे में उपभोक्ताओं को समय के साथ अतिरिक्त राशि भी खर्च करनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वर्तमान में गैस सिलेंडर की कीमत करीब 965 रुपए है। टिमरनी से सिलेंडर लाने में करीब 100 रुपए अतिरिक्त खर्च हो जाते हैं। इस तरह सिलेंडर की वास्तविक कीमत उपभोक्ताओं को करीब 1065 रुपए तक पड़ रही है। इसके अलावा सिलेंडर लेने के लिए समय निकालकर टिमरनी जाना पड़ता है।

नगर के यशवंत चौहान, मंगल दुबे और शाहिद अली सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि पूर्व में भी रहटगांव ग्राम पंचायत द्वारा रहटगांव में गैस की होम डिलीवरी शुरू कराने के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया गया था। इसके बाद कुछ समय तक होम डिलीवरी की सुविधा शुरू हुई थी। उपभोक्ताओं ने संबंधित गैस एजेंसी एवं प्रशासन से मांग की है कि रहटगांव में गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी व्यवस्था जल्द बहाल की जाए, ताकि लोगों को टिमरनी जाने की परेशानी के साथ अतिरिक्त आर्थिक भार से भी राहत मिल सके।

श्रीकृष्ण-सुदामा मिलाप सुन भाव-विभोर हुए श्रोता

खरगोन। मंडलेश्वर में पितृ पक्ष के अवसर पर पितरों की मोक्ष कामना को लेकर चल रही मोक्षदायिनी श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-सुदामा मिलाप का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया। कथा सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो गए और पंडाल में भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा के मुख्य मनोरथी पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता व समस्त गुप्ता परिवार हैं। कथा व्यास पं. जितेन्द्र बडोले कथा का वाचन कर रहे हैं। छठवें दिन व्यास जी ने कहा कि सुदामा चरित्र मित्रता का सबसे बड़ा उदाहरण है। जब गरीब सुदामा द्वारिका में अपने मित्र श्रीकृष्ण से मिलने पहुंचे, तो द्वारकाधीश ने नंगे पैर दौड़कर उन्हें गले लगा लिया और अपने सिंहासन पर बैठाया। सुदामा की फटी पोटली से चावल लेकर बड़े प्रेम से खाए। यह प्रसंग सुनकर पंडाल में बैठे कई श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि भगवान धन नहीं, भाव देखते हैं। इस दौरान कथा मंडप में बाल कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के चरण पखारने की सजीव झांकी प्रस्तुत की गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसी दौरान कथा में विशेष अतिथि के रूप में आए प्रभु चैतन्य शंभू बाबा ने सभी भक्तों को अपना आशीर्वचन दिया।

हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के तहत जागरुकता कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन के तहत मंगलवार को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय टिमरनी एवं द जॉनर एजुकेशन पब्लिस स्कूल हरदा में महिला एवं बालिका सशक्तिकरण, सुरक्षा, अधिकार एवं संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को महिला एवं बालिका सशक्तिकरण, उनके अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान एवं संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला में महिलाओं एवं बालिकाओं को शिक्षा, समान अवसर, आत्मनिर्भरता, सुरक्षित वातावरण तथा अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के महत्व पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में विद्यार्थियों की भूमिका पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 181 एवं बाल सहायता एवं संरक्षण हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि संकट की स्थिति, हिंसा, शोषण, बाल संरक्षण अथवा असुरक्षित परिस्थितियों में इन सहायता सेवाओं का उपयोग कर आवश्यक सहयोग एवं संरक्षण प्राप्त किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान महिला सशक्तिकरण के व्यापक उद्देश्य के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक, आत्मविश्वासी एवं निर्णय लेने में सक्षम बनाने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को महिलाओं के सम्मान, समानता, सुरक्षा एवं गरिमा को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित एवं संवेदनशील समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रही।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 121 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

जनविश्वास अभियान के तहत झिरन्या में शिविर आयोजित

खरगोन। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र झिरन्या के मंडी परिसर में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने के साथ उन्हें स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, खाद्य, शिक्षा, श्रम, सामाजिक न्याय, आयुष्मान भारत, आधार, समग्र ई-केवाईसी, रोजगार एवं स्वरोजगार सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। यहां पात्र हितग्राहियों को शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ नए आवेदनों का पंजीयन, दस्तावेजों का सत्यापन एवं विभिन्न योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से आए 121 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। इनमें 16 गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी शामिल रहा। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ एवं हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा मरीजों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। स्वास्थ्य जांच के दौरान सिकल सेल, डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन से संबंधित जांच एवं परीक्षण किए गए। हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों तथा बच्चों का भी परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

शिविर में जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे एवं विधायक झूमा सोलंकी द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, ई-केवाईसी, कुष्ठ रोग तथा मौसमी बीमारियों के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

शिविर में अपर कलेक्टर रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ राजेश शाक्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीएस चौहान सहित अन्य जिला अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं शासकीय सेवाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा बीमारियों की समय पर पहचान, जांच एवं उपचार के लिए जागरूक किया गया।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं



हरदा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार एवं अनुपमा चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरोत्तम भार्गव, एसडीएम खिरकिया रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी शैलेन्द्र बड़ोनिया, डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे एवं असवनराम चिरामन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हरदा के वार्ड क्रमांक 14 निवासी कुबरा बी ने पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत बैंक द्वारा लोन स्वीकृत न करने के संबंध में शिकायत की, जिस पर अग्रणी बैंक प्रबन्धक को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। छात्रा हर्षिता ने जनसुनवाई में पोर्टल पर छात्रवृत्ति की राशि कम प्रदर्शित होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण को छात्रा की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी निरज विश्नोई ने आवेदन देकर विद्युत बिल में सुधार की मांग की, जिस पर महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में हरदा की शकुर कॉलोनी निवासी उमाशंकर ने विद्युत बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर महाप्रबन्धक विद्युत वितरण कम्पनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम भाटपरेटिया के ग्रामीणों ने शासकीय गोहे से अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हरदा को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।